हिन्दुस्तान

# नकली बीड़ी की सप्लाई करते हुए दो गिरफ्तार

हिन्दुस्तान टीम,मिर्जापुरPublished By: Newswrap
Thu, 16 Sep 2021 03:20 AM

विंध्याचल। हिन्दुस्तान संवाद

विंध्याचल कोतवाली क्षेत्र के नकली बीड़ी की सप्लाई कर रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त गोपीगंज की एक फर्म के नाम पर नकली बीड़ी दुकानों पर बेच रहे थे। फर्म के मालिक की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। विंध्याचल कोतवाल शैलेष राय ने बताया कि भदोही जिले के गोपीगंज निवासी कल्लूराम घनश्याम दास बीड़ी व्यवसायी है। जो फूल छाप बीड़ी निर्माता एवं विक्रेता के रूप में कार्य करते हैं। फर्म की बीड़ी विंध्याचल व छानबे क्षेत्र में सप्लाई होती है। उन्होंने तहरीर देकर बताया कि फूल छाप बीड़ी की आड़ में कुछ महीने से विजयपुर के आस पास क्षेत्रों में फर्म के नाम से नकली बीड़ी का व्यवसाय चल रहा है। तहरीर के आधार पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई थी। मुखबीर की सूचना के आधार पर पुलिस ने सेमरी गांव से दुकानों में नकली बीड़ी सप्लाई करते हुए सेमरी गांव निवासी मसमूद मोहम्मद एवं शहाबुद्दीन को पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों के पास नकली बीड़ी भी बरामद हुआ। पुलिस ने अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जेल भेज दिया।

Source: https://www.livehindustan.com/uttar-pradesh/mirzapur/story-two-arrested-while-supplying-fake-bidis-4594597.html